१७ कलम आज उनकी जय बोल

पाठ्यपुस्तक में दिए गए प्रश्नों के उत्तर

काव्य बोध

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न ४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए वीरों ने अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। अपनी अस्थियों की आहूति देकर उनकी चिंगारी से क्रांति की मशाल जलाई।

(ख) स्वतंत्रता-प्रेमियों ने बलिदान का बदले देशवासियों से कुछ भी नहीं माँगा।

(ग) स्वतंत्रता-सेनानियों के बलिदान के सूर्य, चंद्र, भूगोल व खगोल साक्षी है।

(घ) 'कलम आज उनकी जय बोल' कविता में 'चकाचौंध' शब्द का अर्थ है कि इतिहास ने केवल चंद नामी क्रांतिकारियों के नाम ही अपने पन्नों पर लिखे। इसके अतिरिक्त भी कई स्वतंत्रता प्रेमी हैं जिनकी कुर्बानी पन्नों में नहीं लिखी गई।

❖ ❖ ❖

१७ कलम आज उनकी जय बोल

पाठ्यपुस्तक में दिए गए प्रश्नों के उत्तर

काव्य बोध

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न ३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) कलम में बहुत ताकत होती है। आजादी के लिए अनेक वीरों के बलिदान, त्याग की गाथा कलम के द्वारा ही वर्णित की गई है। यह कविता गुमनाम सिपाहियों के प्रति श्रद्धांजलि है।

(ख) कवि कविता के द्वारा यह कहना चाहते हैं की आजादी का रास्ता फूलों का नहीं बल्कि काँटो से भरा होता है। हमें वीर शहीदों को सदैव याद रखना चाहिए तथा स्वयं भी देश के लिए मर-मिटने को तैयार रहना चाहिए।

(ग) कवि ने इतिहास को अंधा तथा चकाचौंध का मारा बताया है। उनके अनुसार इतिहास ने सच्चे सेनानियों का जिक्र नहीं किया।

(घ) इस पंक्ति का अर्थ यह है कि उन शहीदों ने किसी लालच के लिए अपनी शहादत नहीं बनाई बल्कि वे देश प्रेमी थे।

❖ ❖ ❖